भा.श्री.अनु.सं.
क्रम सं. 236 जून, 2023
# श्री अन्न
## समाचार पत्र
हैदराबाद * सोलापुर * वरंगल
भाकृअनुप—भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान, राजेन्द्र नगर, हैदराबाद - 500 030, तेलंगाना, भारत

### जी 20 देशों के कृषि मंत्रियों का तकनीकी भ्रमण

हैदराबाद में कृषि मंत्रियों की तीन दिवसीय जी20 बैठक के हिस्से के रूप में, 17 जून, 2023 को भाकृअनुप-भारतीय श्री अन्न




अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद में जी20 देशों के कृषि मंत्रियों का एक तकनीकी भ्रमण आयोजित किया गया।

प्रारंभ में श्री अन्न उत्पादक राज्यों महाराष्ट्र, राजस्थान एवं मध्य प्रदेश के लोक नर्तकों के द्वारा जी 20 कृषि मंत्रियों का पारंपरिक स्वागत किया गया। सुश्री शोभा करांदलाजे, माननीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री ने सभी जी 20 कृषि मंत्रियों का पारंपरिक रूप से शाल एवं माला से स्वागत किया।



इस तकनीकी भ्रमण में विभिन्न श्री अन्न फसलों के प्रदर्शन भूखंडों का दौरा शामिल था। कृषि मंत्रियों द्वारा श्री अन्न फसलों की बुआई की गई, उन्हें डॉ. सी तारा सत्यवती, निदेशक, भाश्रीअनुसं के द्वारा श्री अन्न के विभिन्न विकासावस्थाओं के बारे में जानकारी दी गई। मंत्रियों ने श्री अन्न की प्राथमिक व माध्यमिक प्रसंस्करण सुविधाओं, उत्कृष्टता केंद्र - बेकरी इकाई, पोहाकरण इकाई, पैकिंग इकाइयों, पोषण केंद्र का भी दौरा किया - जहां उन्होंने जी 20 देशों के श्री अन्न व्यंजनों, खाद्य उत्पादों तथा अन्य अंतर्राष्ट्रीय व्यंजनों का आस्वादन किया।

सुश्री शोभा करांदलाजे, माननीय कृषि राज्य मंत्री तथा जी-20 बैठक में पधारे माननीय कृषि मंत्रियों ने श्री अन्न, श्री अन्न उद्यमियों तथा श्री अन्न विज्ञान में अनुसंधान एवं विकास पर वैश्विक उत्कृष्टता केंद्र के रूप में भाकृअनुप - भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान के सामर्थ्य का प्रदर्शन कर रही प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। श्री अन्न उद्यमियों ने अपने विविध खाद्य उत्पादों का प्रदर्शन किया। जी 20 देशों के माननीय कृषि मंत्रियों के द्वारा "इंटरनेशनल मिलेट रेसिपीज़" तथा "मिलेटोलॉजी "

नामक दो पुस्तकों का विमोचन किया गया। श्री अन्न के इतिहास पर तैयार फिल्म तथा जलवायु लचीलेपन, पोषण संबंधी श्रेष्ठता के साथ श्री अन्न के महत्व और श्री अन्न के अनुसंधान, मूल्य वर्धन, उद्यमिता विकास एवं प्रचार में भाश्रीअनुसं की भूमिका पर तैयार एक अन्य फिल्म का प्रदर्शन किया गया।

जी 20 देशों के कृषि मंत्रियों, आमंत्रित मित्र राष्ट्रों, अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रमुखों, डॉ. हिमांशु पाठक, सचिव, कृअनुशि विभाग तथा महानिदेशक, भाकृअनुप; श्री मनोज आहूजा, सचिव, कृकिक विभाग; डॉ. प्रमोद कुमार मेहरदा, अतिरिक्त सचिव (किसान कल्याण); डॉ. डी के यादव, सहायक महानिदेशक (बीज), भाकृअनुप; सुश्री शुभा ठाकुर, संयुक्त सचिव, कृकिक विभाग (फसल), श्री एम रघुनंदन राव, आईएएस, एपीसी तथा सचिव (कृषि सहकारिता विभाग) तेलंगाना सरकार एवं हैदराबाद स्थित भाकृअनुप संस्थानों के निदेशकों की उपस्थित ने इस विशाल कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।



### महानिदेशक, भाकृअनुप ने 100 फीट ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज फहराया

डॉ. हिमांशु पाठक, सचिव, कृअनुशि विभाग तथा महानिदेशक, भाकृअनुप ने डॉ. डी के यादव, सहायक महानिदेशक (बीज), भाकृअनुप, तथा डॉ. सी तारा सत्यवती, निदेशक, भाश्रीअनुसं एवं अन्य भाकृअनुप संस्थान के निदेशकों की उपस्थिति में 17 जून 2023 को भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद परिसर में 100 फीट ऊंचा विशाल राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

### सेल्फी प्वाइंट का शुभारंभ




डॉ. हिमांशु पाठक, सचिव, कृअनुशि विभाग तथा महानिदेशक, भाकृअनुप ने डॉ. डी के यादव, सहायक महानिदेशक (बीज), भाकृअनुप, तथा डॉ. सी तारा सत्यवती, निदेशक, भाश्रीअनुसं की उपस्थिति में 17 जून 2023 को भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद परिसर में "आई लव मिलेट्स" सेल्फी पॉइंट का शुभारंभ किया। भाश्रीअनुसं के वैज्ञानिकों व कर्मचारियों ने "आई लव मिलेट्स" सेल्फी पॉइंट के माध्यम से श्री अन्न प्रचार अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम में भाग लिया।

### पंसद की 2री बैठक

भाकृअनुप-भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान (भाश्रीअनुसं), हैदराबाद में डॉ. एस एल मेहता, पूर्व कुलपति, महाराणा प्रताप कृषि तथा प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर की अध्यक्षता में पंचवार्षिक समीक्षा दल (पंसद) 2019-23 की दूसरी बैठक 31 मई से 1 जून, 2023 के दौरान आयोजित की गई। बैठक में अन्य सभी पसद सदस्यों अर्थात डॉ. के गणेशमूर्ति, पूर्व निदेशक, पादप प्रजनन तथा आनुवंशिक केंद्र, टीएनएयू, कोयंबतूर; डॉ. ओ पी गोविल, पूर्व परियोजना समन्वयक, बाजरा पर अभासअनुप; डॉ. प्रभाकर, पूर्व परियोजना समन्वयक, लघु श्री अन्न पर अभासअनुप, बेंगलुरु; डॉ. एन के बाजपाल, निदेशक विस्तार, बीयूएटी, बांदा; एवं डॉ. एम एलंगोवन, प्रधान वैज्ञानिक, भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद ने भाग लिया।



प्रारंभ में, भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं की निदेशक डॉ. सी तारा सत्यवती के साथ संस्थान के वैज्ञानिकों ने पंचवार्षिक समीक्षा दल का स्वागत किया। संबंधित वैज्ञानिकों के द्वारा विषयवार शेष विषयों जैसे - मीठी ज्वार, कंगनी सुधार, चेना सुधार, कोदो सुधार, कुटकी सुधार, कार्यिकी विज्ञान, जैव रसायन, बीज विज्ञान अनुसंधान, एमएएस/जैव प्रौद्योगिकी, कृषि विज्ञान, कृषि कीट विज्ञान, पादप रोगविज्ञान, बीज उत्पादन - बीएसपी/एमएसपी/बीज हब, विस्तार अनुसंधान, एफएलडी, टीएसपी और एनईएच, मूल्य संवर्धन एवं उद्यमिता विकास, ज्वार के उत्पादन, विपणन तथा उपयोग के अर्थशास्त्र, श्री अन्न किउसं व बीज हब तथा बौसंअधि प्रबंधन पर प्रस्तुतीकरण दिए गए। पंसद के सदस्यों ने पंचवर्षीय अवधि के दौरान संबंधित विषयों में की गई प्रगति पर प्रसन्नता व्यक्त की। दूसरी बैठक के दौरान, पंसद ने भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं की विभिन्न सुविधाओं तथा मूलभूत ढांचे जैसे श्री अन्न जीन संग्रह, प्ररोह मक्खी जांच प्रयोगशाला, जैव-रसायन प्रयोगशाला, जैवप्रौद्योगिकी तथा चिह्नक सहाय चयन प्रयोगशाला, उत्कृष्टता केंद्र, पोषण केंद्र एवं खाद्य प्रसंस्करण प्रयोगशालाओं का भी दौरा किया। पंसद ने प्रशासनिक, वित्त तथा तकनीकी कर्मचारियों से भी परस्पर बातचीत की।

### श्री अन्न आनुवंशिक भंडार के पंजीकरण हेतु संस्तुति

भाकृअनुप-राष्ट्रीय पादप आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो (एनबीपीजीआर) ने डॉ. तिलक राज शर्मा, उप महानिदेशक (फसल विज्ञान), भाकृअनुप की अध्यक्षता में 12 जून, 2023 को पादप जननद्रव्य पंजीकरण समिति (पाजपंस) की 50वीं बैठक आयोजित की। भाश्रीअनुसं-हैदराबाद द्वारा प्रस्तावित 14 श्री अन्न आनुवंशिक भंडार में से बारह पर पाजपंस के द्वारा विचार किया गया तथा पंजीकरण के लिए सिफारिश की गई। संस्तुत श्री अन्न आनुवंशिक भंडार में अगेती, झोंका प्रतिरोध, बैंडेड पर्ण अंगमारी प्रतिरोध, अवश्यन रोधी, ज्यादा उंगलियां एवं लंबी उंगलियां लक्षण वाले 6 रागी जननद्रव्य तथा लंबी पत्ती, भूरी मध्य शिरा, हरे व सूखे चारे की उत्पादकता, हुर्डा, अगेती पुष्पन व परिपक्वन, उच्च आयरन व जिंक लक्षण वाले 6 ज्वार जननद्रव्य शामिल हैं। डॉ. सी तारा सत्यवती, निदेशक, भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद ने चर्चा के दौरान अध्यक्ष के समक्ष प्रस्तावित श्री अन्न आनुवंशिक भंडार के विशेष महत्व को स्पष्ट किया। डॉ. एम एलंगोवन और बी अमसिद्ध के साथ-साथ ज्वार एवं लघु श्री अन्न पर भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं तथा अभासअनुप के आनुवंशिक भंडार के अन्य विकासकर्ताओं ने बैठक में भाग लिया।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2023 समारोह



भाकृअनुप- भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद ने 21 जून 2023 को 9वां "अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस" मनाया। इस अवसर पर योग विशेषज्ञ प्रोफेसर एम सिंगा राव, प्रोफेसर (सेवानिवृत्त), मृदा भौतिकी, प्रोजतेराकृविवि, हैदराबाद को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। इस वर्ष योग दिवस समारोह का विषय "वसुधैव कुटुंबकम" के लिए योग था। भाश्रीअनुसं के प्रभारी निदेशक डॉ. सी वी रत्नावती ने डॉ. राव का स्वागत किया और कहा कि, नियमित योगाभ्यास से ज्यादा स्वस्थ, अधिक शक्तिशाली एवं खुशहाल परिवार, समाज तथा राष्ट्र का निर्माण होता है। डॉ. सिंगा राव ने योग प्रदर्शन के साथ-साथ कर्मचारियों को उनके लाभ के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि योग दैनिक कार्यालयीन कार्यों में दल भावना तथा संचार शक्ति को बढ़ाता है। इस कार्यक्रम में शोध अध्येता, संविदा कार्मिकों सहित भाश्रीअनुसं के स्थाई कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। श्री ओ वी रमणा, मुख्य तकनीकी अधिकारी ने इस कार्यक्रम का समन्वय किया।

### विश्व पर्यावरण दिवस-2023 समारोह

हर वर्ष 5 जून को मनाया जाने वाला "विश्व पर्यावरण दिवस" पर्यावरण की सुरक्षा के लिए जागरूकता व अपेक्षित कार्यों हेतु प्रेरित करता है। यह वर्ष 'बीट द प्लास्टिक पॉल्यूशन' अभियान के अंतर्गत प्लास्टिक प्रदूषण के समाधान पर केंद्रित है। इस दिशा में आगे बढ़ते हुए भाकृअनुप-भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद ने परिसर की सफाई करके, पौधे लगाकर "विश्व पर्यावरण दिवस" मनाया है। इस कार्यक्रम में वैज्ञानिक एवं कनीकी कर्मचारी शामिल थे और कार्यक्रम का समन्वयन डॉ. अमासिद्ध, डॉ. संगप्पा तथा श्री भगवंतम के द्वारा किया गया।

### श्री शैक रुक्मन, भाश्रीअनुसं के नए विलेअधि



**श्री रुक्मण शेख** ने 01 जून, 2023 को भाकृअनुप-भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद में नए वित्त एवं लेखा अधिकारी के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। इससे पूर्व श्री रुक्मन भाकृअनुप-कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान (एटीएआरआई), हेब्बल, बैंगलुरु में सहायक वित्त एवं लेखा अधिकारी के रूप में कार्यरत थे, उन्हें परिषद के दिनांक 22.5.2023 के कार्यालय आदेश सं. प्रशा.17-2/2016-स्था. के अनुसार विलेअधि के रूप में पदोन्नति पर भाश्रीअनुसं, हैदराबाद में नियुक्त किया गया। उनकी ईमेल आईडी fao@millets.res.in है। *भाश्रीअनुसं परिवार इस संस्थान में उनका हार्दिक स्वागत करता है।*

### सेवानिवृत्त



**डॉ. सी वी रत्नावती**, प्रधान वैज्ञानिक, जैव-रसायन 30 जून, 2023 को परिषद की सेवाओं से निवृत्त हुईं। डॉ. रत्नावती 1989 में भाकृअनुप-भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान में शामिल हुईं। इससे पूर्व, उन्होंने भाकृअनुप-केंद्रीय तंबाकू अनुसंधान संस्थान, राजमहेन्द्री में सेवाएं प्रदान की। उन्होंने भाश्रीअनुसं में 1 जून, 2022 से 15 फरवरी 2023 तक कार्यकारी निदेशक के रूप में भी अपनी

सेवाएं दीं। उनकी सेवानिवृत्ति पर, स्टाफ मनोरंजन क्लब ने उनका अभिनंदन किया। भाश्रीअनुसं की निदेशक डॉ. सी तारा सत्यवती इस समारोह की अध्यक्ष थीं। भाश्रीअनुसं के स्टाफ ने संस्थान हेतु डॉ. रत्नावती की सेवाओं का स्मरण किया।

**राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक**

भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद में 27 जून, 2023 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति (राकास) की 65वीं बैठक आयोजित की गई। प्रारंभ में राकास के अध्यक्ष, डॉ. (श्रीमती) सी तारा सत्यवती के औपचारिक स्वागत भाषण के साथ बैठक शुरू हुई। बैठक में चर्चा के दौरान डॉ. जिनु जेकब, प्रभारी अधिकारी, हिंदी कक्ष, डॉ. मधुसूदन, प्रभारी अधिकारी, पीएमई कक्ष; डॉ. वेंकटेश भट्ट, प्रभारी अधिकारी, तकनीकी एवं मीडिया कक्ष; डॉ. सूगण्ण, प्रभारी अधिकारी, पुस्तकालय, श्रीमती ऋतु दलाल, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, श्री शैख रुक्मन, वित्त एवं लेखा अधिकारी (अन्य सदस्य) तथा डॉ. महेश कुमार, सहायक मुख्य तकनीकी अधिकारी (राभा) सदस्य सचिव उपस्थित थे। बैठक के दौरान सदस्य सचिव द्वारा प्रस्तुत विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करके निर्णय लिया गया कि सभी संबंधितों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि संस्थान के बाहर भेजे जाने वाले प्रत्येक पत्र के साथ हिंदी में आवरण पत्र भी हो। इसके अलावा कंप्यूटर पर हिंदी टंकण कौशल पर एक व्यावहारिक कार्यशाला आयोजित करने का निर्णय लिया गया।



**सम्मानित अतिथि**

**डॉ. सी तारा सत्यवती**, निदेशक, भाश्रीअनुसं ने "कृषि अनुसंधान और सामाजिक विकास संस्था, नई दिल्ली तथा लोयोला अकादमी, सिकंदराबाद, तेलंगाना के द्वारा 19 जून, 2023 को आयोजित "कृषि प्रौद्योगिकी एवं संबद्ध विज्ञान में प्रगति पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (आईसीएएटीएएस 2023)" में सम्मानीय अतिथि के रूप में भाग लिया तथा संबंधित संकाय और छात्रों के साथ भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान में होने वाले श्री अन्न अनुसंधान और अश्रीव-2023 गतिविधियों संबंधी जानकारी साझा की।

**डॉ. एम एलंगोवन,** प्रधान वैज्ञानिक ने अनुसंधान निदेशालय, महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर के द्वारा भूमिका एवं वाग्धारा के सहयोग से 7 जून 2023 को आयोजित खाद्य प्रणाली संवाद में दल के सदस्य के रूप में भाग लिया तथा "खाद्य प्रणाली में लघु श्री अन्न को मुख्य धारा में लाने हेतु लघु श्री अन्न विविधता की वर्तमान स्थिति" पर व्याख्यान दिया।

**डॉ. महेश कुमार,** सहायक मुख्य तकनीकी अधिकारी (राजभाषा), भाश्रीअनुसं, हैदराबाद को विपणन और निरीक्षण निदेशालय, कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा 23 जून, 2023 को आयोजित एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला में "राजभाषा कार्यान्वयन और उसकी रिपोर्टिंग" पर व्याख्यान तथा व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु विषय विशेषज्ञ के रूप में आमंत्रित किया गया।

**डॉ. स्वर्णा रोणंकी,** वैज्ञानिक, भाश्रीअनुसं ने फ्रांस के मोंटपेलियर में 5 से 9 जून, 2023 के दौरान आयोजित वैश्विक ज्वार सम्मेलन में 'एपीएसआईएम का उपयोग करके रबी ज्वार उत्पादकता बढ़ाने हेतु जीनप्ररूप x के सस्य वैज्ञानिक प्रबंधन की पारस्परिक क्रिया के अनुकूलन' विषय पर पोस्टर प्रस्तुति दी। डॉ. रोणंकी ने भारतीय मानव विज्ञान सर्वेक्षण, कोलकाता के सहयोग से केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, कोलकाता के द्वारा 27 जून, 2023 को "श्री अन्न को शामिल करके आयुर्वेदिक हस्तक्षेप के माध्यम से जीवन शैली विकारों की रोकथाम" पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में "श्री अन्न की खेती - सतत खाद्य उत्पादन के लिए एक जलवायु स्मार्ट दृष्टिकोण" विषय पर भी व्याख्यान दिया।

**आगंतुक**

***संयुक्त सचिव, कृसकिक विभाग का दौरा***

सुश्री शुभा ठाकुर, संयुक्त सचिव, कृषि, सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग ने आगामी जी20 बैठक के मद्देनजर की जा रही व्यवस्थाओं का अवलोकन करने हेतु 7 जून, 2023 को भाश्रीअनुसं का दौरा किया।

***शिवगंगै, तमिलनाडु से किसान***

तमिलनाडु के शिवगंगै जिले से बीस किसानों ने कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) के अंतर-राज्य ज्ञानवर्धन यात्रा के

अंतर्गत 26 जून 2023 को भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं का दौरा किया। उन्हें श्री अन्न की खेती, विभिन्न प्रौद्योगिकियों की उपलब्धता, जननद्रव्य संग्रहण और संरक्षण, श्री अन्न मूल्यवर्धन एवं प्रसंस्करण मशीनों के बारे में जानकारी दी गई। डॉ. एम एलंगोवन तथा सुश्री हेमाशंकरी ने उक्त दौरे का समन्वय किया।

### *पाआसं विषय के फोकार्स प्रशिक्षार्थियों का श्री अन्न जीन संग्रह में दौरा*

फोकार्स के 112वें दल के चार वैज्ञानिक पादप आनुवंशिकी संसाधन प्रबंधन पर अपने परियोजना कार्य हेतु श्री अन्न आनुवंशिक संसाधनों के संग्रह, लक्षण-वर्णन, संरक्षण, दस्तावेज़ीकरण व पंजीकरण गतिविधियां पर जानकारी प्राप्त करने के उद्देश्य से 27 जून 2023 को श्री अन्न जीन संग्रह का दौरा किया। उन्हें विशेष रूप से श्री अन्न आनुवंशिक संसाधन प्रबंधन के अंतर्गत संचालित गतिविधियों तथा सामान्य रूप से पादप आनुवंशिक संसाधन प्रबंधन में उन्नत विकास के बारे में अद्यतन जानकारी प्रदान की गई। आणविक उपकरण दृष्टिकोण का उपयोग करके कागज रहित डेटा संग्रह, डेटाबेस प्रबंधन और आनुवंशिक संसाधनों के उपयोग पर ज्यादा बल दिया गया।

## किउसं समाचार

### *कर्नाटक किउसं के लिए एमआईएस प्रशिक्षण कार्यक्रम*

लघु किसान कृषि व्यवसाय कंसोर्टियम ने प्रबंधन लागत (किउसं और सीबीबीओ) तथा समानक जारी दस्तावेजों को ऑनलाइन जमा करने के संबंध में 9 जून 2023 को भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं द्वारा प्रवर्तित कर्नाटक किउसं के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। डॉ. संगप्पा, वैज्ञानिक और प्रधान अन्वेषक किउसं परियोजना ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का समन्वय किया।

### *किउसं की समीक्षा बैठक में भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं की सहभागिता*

भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद के किउसं परियोजना कार्मिकों ने 12 जून 2023 को कर्नाटक किउसं की समीक्षा बैठक में भाग लिया। डॉ. एम वी वेंकटेश, आईएएस आयुक्त, डब्ल्यूडीडी कर्नाटक ने एनपीएमए दल के साथ बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक के दौरान डब्ल्यूडीडी अधिकारियों द्वारा सभी कर्नाटक किउसं की प्रगति प्रस्तुत की गई और किउसं की भावी कार्य योजनाओं पर चर्चा की गई।

### *मैनेज में किउसं पर जागरूकता सत्र*

किउसं नेस्ट, भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद के परियोजना कार्मिकों ने मैनेज, हैदराबाद के द्वारा 12 जून 2023 को किउसं तथा कृषि स्टार्टअप द्वारा मूल्य शृंखला-आधारित कृषि विस्तार पर आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम भाग लिया तथा किउसं की स्थापना, कार्य प्रक्रिया, प्रगति, उत्पाद विपणन नीतियों एवं मूल्य वर्धित उत्पादन, विपणन और ओएनडीसी और जीईएम जैसे ई-कॉमर्स मंच में किउसं के सामने आने वाली चुनौतियों पर व्याख्यान दिया।

### *सीबीबीओ के लिए ओएनडीसी पर प्रशिक्षण सत्र*

भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद के किउसं नेस्ट दल ने 16 जून 2023 को ओएनडीसी पर वेबिनार प्रशिक्षण सत्र में भाग लिया। सत्र के दौरान, ओएनडीसी विशेषज्ञ दल ने उत्पाद प्रसंस्करण, एचएसएन और जीएसटी मुद्दों के संबंध में चर्चा की।

### *सीबीओ के लिए समावेशी व सतत मूल्य शृंखला विकास पर प्रशिक्षण कार्यक्रम*

डॉ. संगप्पा, वैज्ञानिक, भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं ने राग्राविपंरासं, हैदराबाद में 20 जून 2023 को सीबीओ के लिए समावेशी और सतत मूल्य शृंखला विकास पर प्रशिक्षण कार्यक्रम में, "श्री अन्न आधारित मूल्य शृंखला विकास" पर व्याख्यान दिया।

### *किसानों के लिए श्री अन्न जागरूकता कार्यक्रम*

हुलसूर महिला किसान श्री अन्न एफपीसीएल तथा भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं किउसं नेस्ट दल ने संयुक्त रूप से 19 जून 2023 को हलाहल्ली गांव में किउसं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। डॉ. संगप्पा, वैज्ञानिक, भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं और प्रधान अन्वेषक किउसं परियोजना ने इस कार्यक्रम का समन्वय किया।

### *ग्रामविश्वास किउसं का निरीक्षण दौरा*

भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं के किउसं परियोजना दल ने 20 जून 2023 को भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद के द्वारा प्रवर्तित ग्रामविश्वास फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड की गतिविधियों का दौरा तथा अनुवीक्षण किया।

### *आईएसईई राष्ट्रीय संगोष्ठी 2023*

डॉ. संगप्पा, वैज्ञानिक, भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं ने आईएसईई, मैनेज, जीकेवीके बैंगलोर द्वारा 22-24 जून 2023 के दौरान सतत

विकास के लिए माध्यमिक कृषि की दिशा में विस्तार विज्ञान के विकास पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया और एक प्रपत्र प्रस्तुत किया, तथा भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं द्वारा प्रवर्तित किउसं, और श्री अन्न मॉडल के प्रति श्री अन्न किसानों की धारणा के अनुभवों को साझा किया।

### *किउसं में मृदा परीक्षण प्रदर्शन*

भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं के द्वारा भाकृअनुप-भारतीय चावल अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद के सहयोग से चित्तगुप्पा तालुका किसान उत्पादक कंपनी में तीव्र मृदा परीक्षण पर एक प्रशिक्षण सह प्रदर्शन सत्र आयोजित किया गया। डॉ. ब्रजेन्द्र और डॉ. बंडेप्पा, वैज्ञानिक, भाकृअनुप-भाचाअनुसं ने फसल उत्पादकता बढ़ाने में मृदा परीक्षण के महत्व पर अपनी विशेषज्ञता एवं सूक्ष्म दृष्टि को साझा किया। भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं के किउसं नेस्ट दल ने कार्यक्रम का समन्वय किया।

### *किसानों का दौरा*

कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) ने विस्तार सुधार योजना के लिए राज्य विस्तार कार्यक्रमों के समर्थन से 26 जून 2023 को शिवगंगे गांव के 20 किसानों के लिए भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद में एक ज्ञानवर्धन दौरे की व्यवस्था की। डॉ. संगप्पा, वैज्ञानिक ने आगंतुकों को श्री अन्न, उनकी उत्पादन प्रौद्योगिकियों के महत्व, किउसं एवं श्री अन्न संवर्धन में उनकी भूमिका, श्री अन्न के पोषण व स्वास्थ्य लाभ, श्री अन्न के क्षेत्र में हाल ही में उभरे व्यवसाय सुअवसरों के बारे में जानकारी दी।




### *नाबार्ड, हैदराबाद के द्वारा समर्थित किउसं की समीक्षा बैठक*

नाबार्ड टीएसआरओ, हैदराबाद ने किउसं की प्रगति की समीक्षा करने हेतु 26 जून 2013 को तेलंगाना राज्य के महबूबनगर के किउसं के लिए एक समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं किउसं परियोजना दल, भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं द्वारा प्रवर्तित किउसं के मुख्य कार्यपालक अधिकारी तथा निदेशक मंडल ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता उषा रानी पी., महाप्रबंधक, नाबार्ड, टीएसआरओ, हैदराबाद तथा डीडीएम, महबूबनगर ने की।

## आभासी बैठकों / प्रशिक्षणों / कार्यशालाओं / संगोष्ठियों में सहभागिता

| क्र.सं. | कर्मचारी का नाम | कार्यक्रम विवरण | वर्ग | तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सी तारा सत्यवती, नेपोलियन टी और स्वर्णा रोणंकी | मोंटपेलियर, फ्रांस में "21वीं सदी में ज्वार : जलवायु परिवर्तन का सामना करने हेतु लचीलापन तथा स्थिरता" पर आयोजित वैश्विक ज्वार सम्मेलन | सम्मेलन | 5-7 जून 2023 |
| 2 | सी तारा सत्यवती | मिश्रित शिक्षण मंच पर संवेदीकरण कार्यशाला | आभासी कार्यशाला | 9 जून 2023 |
| 3 | सी तारा सत्यवती | पाआनुसं समिति की 50वीं बैठक | आभासी बैठक | 12 जून, 2023 |
| 4 | सी तारा सत्यवती | अतिरिक्त सचिव (आरआर), कृकिक विभाग, नई दिल्ली के द्वारा भारत-अफ्रीका अंतर्राष्ट्रीय श्री अन्न सम्मेलन के लिए आयोजित 'सलाहकार समिति' की बैठक | आभासी बैठक | 12 जून, 2023 |
| 5 | सी तारा सत्यवती | अंतर्राष्ट्रीय पैनल "विविधता की शक्ति का निर्मोचन : सतत कृषि में ज्वार तथा श्री अन्न आनुवंशिक संसाधनों की भूमिका" के लिए अनंतिम कार्यसूची हेतु बैठक | आभासी बैठक | 14 जून, 2023 |
| 6 | सी तारा सत्यवती | एलायंस ऑफ बायोडायवर्सिटी इंटरनेशनल और सीआईएटी के द्वारा आयोजित संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यान्वित जीईएफ परियोजना की राष्ट्रीय परियोजना संचालन समिति (एनपीएससी) की बैठक | बैठक | 21 जून, 2023 |
| 7 | सी संगप्पा | आईएसईई, मैनेज, जीकेवीके बैंगलोर के द्वारा सतत विकास के लिए माध्यमिक कृषि की दिशा में विस्तार विज्ञान के विकास पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन | सम्मेलन | 22-24 जून 2023 |